दिनांक–19.07.2024 समय–7.10एएम

# प्रादेशिक समाचार
# आकाशवाणी, भोपाल
# प्रातःकालीन समाचार

**मुख्य समाचार :–**

- जबलपुर में कल रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन। डेढ़ हजार से अधिक निवेषकों की होगी भागीदारी।
- प्रदेश में अगले एक साल में 10 हजार बैक लॉग पदों पर होगी भर्ती। मंत्रिपरिषद ने लिया निर्णय।
- संपूर्णता अभियान के तहत डिंडौरी जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन जारी।
- भोपाल, ग्वालियर सहित कई जिलों में भारी बारिष। आज भी कई जिलों के लिये अलर्ट जारी।

## प्रदेश–मंत्रिपरिषद निर्णय

प्रदेश में अगले एक साल में 10 हजार बैकलॉग के पदों पर भर्ती की जाएगी इससे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़े वर्गों तथा निःशक्तजनों को रोजगार का लाभ मिलेगा। इन बैकलॉग/कैरीफारवर्ड पदों की पूर्ति के लिए विशेष भर्ती अभियान की समय–सीमा को एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है। अब 1 जुलाई 2024 से 30 जून, 2025 तक इन पदो पर भर्ती हो सकेगी। बैकलॉग के 17 हजार पद में से 7 हजार पद भरे जा चुकें हैं। अभी 10 हजार पद शेष हैं जो इस दौरान भरे जाएगें। यह निर्णय कल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई मंत्रि–परिषद की बैठक में लिया गया। इसके साथ ही शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों को सातवें वेतनमान में देय मंहगाई भत्ता / राहत की दर में 01 जुलाई, 2023 से 4 प्रतिशत की वृद्धि की जाकर 46 प्रतिशत करने एवं राज्य शासन के छठवें वेतनमान में कार्यरत शासकीय सेवकों तथा राज्य शासन के उपक्रमों/निगमों/मण्डलों तथा अनुदान प्राप्त संस्थाओं के राज्य शासन में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत चौथे एवं पांचवें वेतनमान में अनुपातिक आधार पर मंहगाई भत्ते में वृद्धि का करने का निर्णय लिया गया। मंत्रिमंडल ने विभागों को सुविधाजनक तरीके से क्लाउड सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए मध्यप्रदेश क्लाउड पॉलिसी–2024" का अनुमोदन, स्मार्ट–पीडीएस राज्य में लागू करने सहित कई अन्य निर्णय लिए गए।

## प्रदेश–स्पार्क अवार्ड

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश को नई दिल्ली में "उत्कृष्टता की ओर बढ़ते कदम" कार्यक्रम में सिस्टमेटिक प्रोग्रेसिव एनेलेटिकल रियलटाईम रैंकिंग अवार्ड (स्पार्क) सेरेमनी में विभिन्न श्रेणियों में 11 पुरस्कार मिलने पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने नगरीय विकास एवं आवास विभाग की पूरी टीम को बधाई दी है। केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर एवं केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू से कल नई दिल्ली में प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास नीरज मण्डलोई ने पुरस्कार प्राप्त किये। इसमें से 4 अवार्ड मध्यप्रदेश राज्य को संपूर्ण भारत में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये और 7 अन्य निकायों को विभिन्न श्रेणियों में प्राप्त हुए हैं। मध्यप्रदेश को पी.एम. स्वनिधि योजना में बेस्ट परफार्मिंग स्टेट और बेस्ट परफार्मिंग स्टेट (इनोवेशन एण्ड बेस्ट प्रेक्टिसेस) दोनों ही श्रेणियों में प्रथम स्थान मिला है। इसी प्रकार डे–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना में मध्यप्रदेश दो श्रेणियों में प्रथम स्थान पर है। इनमें "बेस्ट परफार्मिंग स्टेट अंडर बेस्ट इनोवेशन एण्ड टेक्नोलॉजी" और "बेस्ट सोशल इन्फ्रास्ट्रक्चर" श्रेणी शामिल है। मध्यप्रदेश ने पीएम स्ट्रीट वेंडर योजना में देशभर में 11 लाख 95 हजार से अधिक ऋण वितरित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

## प्रदेश–गुरु पूर्णिमा

प्रदेश में सभी शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में दो दिवसीय गुरू पूर्णिमा उत्सव 21 जुलाई एवं 22 जुलाई को मनाया जाएगा। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग ने विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ. अनिल राजपूत ने बताया कि दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा उत्सव में विविध सांस्कृतिक गतिविधियां होंगी। इसमें गुरु वंदना, संस्थान परिदृश्य, गुरु पूर्णिमा के ऐतिहासिक महत्व, गुरु–शिष्य परम्परा, शिक्षा में नैतिकता, योग और ध्यान, गुरु के आदर्श एवं शिक्षा में नवाचार आदि विविध विषयों पर वक्तव्य एवं चर्चा होगी। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य पर विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी।

## डिंडौरी–संपूर्णता अभियान

संपूर्णता अभियान के तहत डिंडौरी जिले में कार्यक्रमों का आयोजन जारी है। जिला कलेक्टर विकास मिश्रा ने बताया कि विभिन्न संकेतों पर लक्ष्यपूर्ति के लिये काम जारी है। .......

## जबलपुर–रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव

जबलपुर में कल रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश में औद्योगिक निवेश की गति को और तेज करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की श्रृंखलाएं आयोजित करने की शुरूआत की गई है। इस श्रृंखला की तीसरी कड़ी में जबलपुर और इसके बाद सितंबर में ग्वालियर और अक्टूबर में रीवा में रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव का आयोजन प्रस्तावित है। साथ ही तमिलनाडु के कोयंबटूर में 25 जुलाई को, कर्नाटक के बेंगलुरु में अगस्त में, दिल्ली में सितंबर और इंदौर में सितंबर में ही कॉन्क्लेव प्रस्तावित है। जबलपुर में 1500 से अधिक निवेशकों की भागीदारी होगी। आयोजन में बायर–सेलर मीट भी रखी गई है, जिसमें 1000 से ज्यादा प्रतिनिधियों ने भागीदारी की सहमति दी है। साथ ही रीजनल इंडस्ट्री कान्क्लेव के बाद 7 और 8 फरवरी 2025 को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन की तैयारियां शुरू हो जायेंगी। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में मध्यप्रदेश की नई निर्यात नीति की घोषणा होगी और निवेश बढ़ाने के लिए नये निवेशकों के साथ नई उद्योग नीति में किए गए प्रावधानों को सांझा किया जाएगा।

## मौसम

प्रदेश में इन दिनों मानसून सक्रिय है और पूरे प्रदेश में झमाझम बारिश हो रही है। कल राजधानी भोपाल समेत कई जिलों में तेज बारिश का दौर रहा। इस दौरान मुरैना में उफनते झरने में तीन युवक फंस गए। जिन्हें रेस्क्यू टीम ने बाहर निकाला। वहीं, प्रदेश में अलग–अलग जगह आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 से ज्यादा झुलस गए। कल भोपाल में तो एक घंटे में डेढ़ इंच पानी गिरा। जिससे निचली बस्तियों, सड़कों और कॉलोनियों में पानी भर गया। ग्वालियर में रिकॉर्ड तीन इंच बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा रायसेन, छिंदवाड़ा, रीवा, सागर, मंडला और बालाघाट जिले के मलाजखंड में भी तेज बारिश हुई। मौसम विभाग ने नीमच, सीहोर, रायसेन , अशोकनगर, ग्वालियर, शिवपुरी, दतिया , निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर और पन्ना में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। यहां गरज–चमक के साथ बिजली भी गिर सकती है। भोपाल मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम विशेषज्ञ अरुण शर्मा ने बताया कि मानसून ट्रफ एमपी के गुना, नरसिंहपुर जिलों से होता हुआ गुजर रहा है। साउथ गुजरात और सौराष्ट्र के ऊपर साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम है। वहीं, वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) भी एक्टिव है। इस कारण एमपी के कई जिलों में तेज बारिश का दौर जारी है।

**समाचार संक्षेप में .....**

- आगरमालवा जिले में सात ग्राम पंचायतो में उचित मूल्य दुकान खोले जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। जिसकी अंतिम तिथि 3 अगस्त है। नगर परिषद बड़ौद एवं जनपद पंचायत सुसनेर में 3–3 तथा नलखेड़ा में 1 ग्राम पंचायत उचित मूल्य दुकान विहीन है।
- रायसेन जिला रोजगार कार्यालय में 20 जुलाई को विभिन्न कम्पनियों द्वारा रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इस रोजगार मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वीं उत्तीर्ण 18 से 35 वर्ष तक की आयु के आवेदकों की भर्ती की जाएगी।
- इन्दौर जिला रोजगार कार्यालय में 24 जुलाई को एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित होगा। उप संचालक रोजगार पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि इस रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कम्पनियों के प्रतिनिधि करीब 350 से अधिक पदों पर भर्ती करेंगे।
- शिवपुरी जिले में जन मन अभियान अंतर्गत कल पोहरी अनुविभाग अंतर्गत ग्राम पंचायत बूडदा में पंचायत स्तरीय कैंप में सहरिया आदिवासी परिवारों एवं उनके बच्चों को जाति प्रमाण पत्र एवं जन्म प्रमाण पत्र, आयुष्मान कॉर्ड, समग्र आईडी आदि बनाए गए।
- बालाघाट में ग्रामीण युवाओं को स्व रोजगार प्राप्त करने के अवसर देने के लिए लीड बैंक द्वारा निशुल्क प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इसमें 10 दिन से लेकर 45 दिनों के पाठ्यक्रम षामिल है।

.....................................